**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**22.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**भारत–नवीकरणीय ऊर्जा**

देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह वर्ष 2014 के 35 गीगावाट की तुलना में पांच गुणा से अधिक बढ़कर एक सौ 97 गीगावाट हो गई है। बड़े जल विद्युत प्रतिष्ठानों से उत्पादित बिजली इसके अतिरिक्त है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट गैर–जीवाश्मय ऊर्जा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। मंत्रालय ने कहा कि भारत की नवीकरणीय ऊर्जा वृद्धि दर विश्व की सबसे तेज दरों में है।

..........................................................................................

**नागर विमानन –उड़ान**

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) ने नौ वर्षों में तीन लाख 23 हजार उड़ानों के माध्यम से एक करोड़ 56 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा प्रदान की है। राष्ट्रीय नागर विमानन नीति के तहत 21 अक्तूबर 2016 को उड़ान योजना की शुरूआत की गई थी। योजना की 9वीं वर्षगांठ के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उड़ान एक परिवर्तनकारी पहल रही है जिसका उद्देश्य आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को किफ़ायती और सुलभ बनाना है।

..........................................................................................

**फ्लाइंग फैस्टिवल**

शिमला के समीप जुन्गा में तीसरा पैराग्लाईडिंग फ्लांइग फैस्टिवल 25 से 28 अक्तूबर से होने जा रहा है। इस फैस्टिवल में विभिन्न देशों के पैराग्लाईडर भाग लेंगे, जिनमें 15 विदेशी और 70 भारतीय पैराग्लाईडर शामिल हैं। फ्लाईंग फैस्टिवल के निदेशक अरूण रावत ने आज शिमला में पत्रकार सम्मेलन में बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में साहसिक खेलों का बढ़ावा देना और पर्यटकों को आकर्षित करना है।

शिमला फ्लाइंग फैस्टिवल के दौरान प्रदेश के पारंपरिक उत्पदों व व्यंजनों की बिक्री और प्रदर्शनी के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

..........................................................................................

**वीरता प्रशस्तिपत्र**

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों के दौरान अदम्य साहसिक कार्यों के लिए रक्षा कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रशस्ति पत्र प्रदान करने लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की है। राजपत्र में शामिल प्रशस्ति पत्र वायु सेना और थल सेना के कर्मियों के लिए हैं। इन प्रशस्ति पत्रों में कर्नल कोषांक लांबा और लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील बिष्ट जैसे वीरों के नाम शामिल हैं। इससे पहले,

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्रबलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए एक सौ 27 वीरता पुरस्कारों और 40 विशिष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।

--------------------------------------------------------------------------------

**दुर्घटनाएं**

शिमला जिला के रोहड़ू के गांवणा गांव में देर शाम अग्निकांड की एक घटना में दो मकान पूरी तरह जल कर राख हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में लाखों रूपये की सम्पति के नुकासना का अनुमान है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान करने का आश्वासन दिया है। उधर चंबा जिला के जरासू जोत में हिमखंड गिरने से करीब अढ़ाई सौ भेड़ बकरियों की मौत हो गई। जबकि कांगड़ा जिला के दोनों भेड़पालक सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिला की नयाग्रां पंचायत से एक बचाव दल जरासू जोत के लिए रवाना हुआ, जिसमें बची हुई भेड़ बकरियों सहित दोनों भेड़ पालकों को सुरक्षित होली तक पहुंचाया गया।

--------------------------------------------------------------------------------

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई भागों में आज बादल छाये हुए हैं। बीती रात प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हल्के हिमपात व कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश से तापमान में गिरावट के चलते सुबह शाम ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर हिमपात और कुछ जिलों में हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

--------------------------------------------------------------------------------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अक्तूबर को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 27वीं कड़ी होगी। लोग अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य–शून्य–एक–एक–सात आठ शून्य–शून्य पर साझा कर सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप और माई जी ओ वी ओपन फोरम के माध्यम से ऑन लाइन सुझाव दिये जा सकते हैं। कार्यक्रम के लिए सुझाव 24 अक्तूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

--------------------------------------------------------------------------------